## एक नजर में

### रेलवे में 5 हजार पदों पर निकली वेकेंसी

**भोपाल.** रेलवे में करियर के अच्छे अवसर की तलाश कर रहे उम्मीदवारों के लिए एक अच्छी खबर है. रेलवे रिक्रूटमेंट सेल ने पश्चिमी रेलवे में बिना किसी रिटर्न एग्जाम पांच हजार से ज्यादा अप्रेंटिस के पदों के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है. इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और 23 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं. आवेदकों ने मैट्रिकुलेशन (10वीं) कक्षा 10+2 परीक्षा स्कीम के जरिए न्यूनतम 50% अंकों के साथ पास की हो. साथ में संबंधित ट्रेड फिटर/ वेल्डर/ टर्नर/ मैकेनिस्ट/ वायरमैन/ पाइप फिटर/ प्लंबर/ स्टेनोग्राफर आदि में एनसीवीटी से मान्यता प्राप्त संस्थान से आइटीआई सर्टिफिकेट प्राप्च किया हो.

### एआई सिस्टम ने पकड़ा सिम का फर्जीवाड़ा

**भोपाल.** भोपाल में मोबाइल सिम कार्ड जारी करने से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. खास बात यह है कि एआई सिस्टम के जरिये इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है. यहां एक ही व्यक्ति के चेहरे का इस्तेमाल कर अलग-अलग पहचान पत्रों के आधार पर करीब 200 सिम कार्ड जारी कर दिए गए. नियमों के अनुसार एक व्यक्ति के नाम और फोटोयुक्त पहचान पत्र पर अधिकतम नौ सिम ही जारी किए जा सकते हैं. जांच एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और इसे राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़कर जांच शुरू कर दी गई है. ट्राई ने इस तरह के फर्जीवाड़े से जुड़ा डाटा साइबर सेल के साथ साझा किया है.

# राज्यसभा का तीसरा कार्यकाल नहीं चाहता : दिग्विजय

**पूर्व सीएम ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस**

- सक्रिय राजनीति से दूर नहीं हो रहा हूं
- रिटायरमेंट को लेकर चल रही अटकलों पर दी सफाई
- कांग्रेस के लिए आखिरी सांस तक करूंगा काम



**भोपाल, 08 मार्च. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपने रिटायरमेंट को लेकर चल रही अटकलों पर सफाई दी.**

भोपाल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि वह सक्रिय राजनीति से दूर नहीं हो रहे हैं और कांग्रेस पार्टी के लिए जीवन की अंतिम सांस तक काम करते रहेंगे. दिग्विजय सिंह ने बताया कि हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर एक दंपति का वीडियो साझा किया था. उन्होंने कहा कि यह वीडियो उन्होंने मजाकिया अंदाज में पोस्ट किया था, लेकिन इसके बाद उनके राजनीति से संन्यास लेने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं. पूर्व मुख्यमंत्री ने साफ किया कि उन्होंने पार्टी से केवल इतना कहा है कि वह राज्यसभा का तीसरा कार्यकाल लेने के इच्छुक नहीं हैं. इसका यह अर्थ बिल्कुल नहीं है कि वह कांग्रेस के लिए काम करना बंद कर देंगे. उन्होंने कहा कि पार्टी जहां भी जिम्मेदारी देगी, वह उसे निभाने के लिए तैयार रहेंगे और अंतिम निर्णय पार्टी नेतृत्व का होगा. राज्यसभा जाने को लेकर पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने इसे काल्पनिक बताते हुए इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया.

### बासमती चावल को जीआई टैग नहीं मिलने का मुद्दा उठाया

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिग्विजय सिंह ने मध्य प्रदेश के बासमती चावल को जीआई टैग नहीं मिलने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया. उन्होंने कहा कि इस संबंध में उन्होंने तीन महीने पहले केंद्र और राज्य सरकार को पत्र लिखकर किसानों की समस्या से अवगत कराया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. उन्होंने बताया कि संसद के शीतकालीन सत्र में भी यह मुद्दा उठाया था और सरकार का ध्यान दिलाया था कि जीआई टैग नहीं होने के कारण प्रदेश के बासमती उत्पादक किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में उचित कीमत नहीं मिल पा रही है.

> दिग्विजय सिंह के मुताबिक प्रदेश के श्योपुर, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, गुना, विदिशा, रायसेन, सीहोर, हरदा, होशंगाबाद, नरसिंहपुर और जबलपुर सहित करीब 14 जिलों में बड़ी संख्या में किसान उच्च गुणवत्ता वाला सुगंधित बासमती चावल उगा रहे हैं. इसके बावजूद जीआई टैग न मिलने के कारण उन्हें अपेक्षित आर्थिक लाभ नहीं मिल पा रहा है. उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने बासमती चावल को जीआई टैग प्रदान किया था. वर्तमान में पंजाब, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के बासमती को यह टैग मिला हुआ है, जबकि मध्य प्रदेश के किसान अब भी इससे वंचित हैं. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि केंद्र और राज्य सरकार ने जल्द इस विषय पर निर्णय नहीं लिया तो वह प्रदेश के किसानों के साथ मिलकर संसद से लेकर सड़क तक और खेतों से खलिहानों तक व्यापक आंदोलन करने को मजबूर होंगे.

# कंटनेर से टकराए पार्सल वाहन के चालक की मौत

**सूखी सेवनिया इलाके में हुआ सड़क हादसा**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 08 मार्च. सूखी सेवनिया इलाके में हुए सड़क हादसे में एक वाहन चालक की मौत हो गई. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.**

यह हादसा तब हुआ क्षेत्र में बायपास पर आगे जा रहे कंटेनर को एक पार्सल वाहन चालक ओवरटेक कर रहा था, तभी पार्सल वाहन कंटेनर से तेजी से टकरा गया. हादसे में घायल पार्सल वाहन चालक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. मिली जानकारी के मुताबिक जानकारी के मुईन अहमद (24) उत्तर प्रदेश का रहने वाला था. मुईन वाहन चालक के तौर पर एक पार्सल एजेंसी में काम करता था.

सूखी सेवनिया थाना पुलिस ने पहचान करते हुए मृतक के परिजनों को सूचित किया. राहगीरों ने 108 की मदद से अस्पताल में मईन को भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

### नीट में त्रुटि सुधार का मौका 12 मार्च तक

**भोपाल.** प्रदेश समेत देशभर के मेडिकल, डेंटल, आयुष कॉलेजों में स्नातक डिग्री में प्रवेश के लिए नीट 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि रविवार को समाप्त हो गई. अब त्रुटि सुधार का मौका आवेदक छात्रों के पास 10 से 12 मार्च तक है. विगत वर्ष 2023 में लगभग 21 लाख आवेदन आए, 2024 में लगभग 24 लाख आवेदन, 2025 में लगभग 22 लाख आवेदन आए और अब 2026 में लगभग 20 लाख 50 हजार आवेदन आ चुके हैं. हालांकि फाइनल स्टेटमेंट एनटीए जारी करेगा. मेडिकल , डेंटल व आयुष के 2050 से ज्यादा चिकित्सकीय कॉलेजों की लगभग 2 लाख 11 हजार यूजी सीटों पर सत्र 2026-27 में प्रवेश होंगे.

# 70 प्रतिशत तक घटा इत्र बाजार का कारोबार

## इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध का असर

**भोपाल, 08 मार्च. प्रदेश के भोपाल के 100 साल पुराने इत्र बाजार पर इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का गंभीर असर देखने को मिल रहा है.**

खासकर रमजान के महीने में खाड़ी देशों और दुबई जैसे प्रमुख शहरों में इत्र का बड़ा व्यापार होता है, लेकिन इस साल युद्ध के कारण व्यापारियों को करीब 70 प्रतिशत तक घाटा हुआ है. भोपाल में इत्र के पारंपरिक कारोबारियों के अनुसार ईरान पर इजरायल और अमेरिका द्वारा



किए गए संयुक्त हमले के बाद से शुरू युद्ध ने उनके कारोबार को खासा प्रभावित किया है. उनका कारोबार लगभग 70 प्रतिशत घट गया और केवल 30 प्रतिशत व्यापार बचा. इत्र के कारोबारियों को उम्मीद है, कि जल्द ही युद्ध रुक जाएगा और व्यापार सामान्य हो जाएगा, तब संभवतः घाटा कम हो.

### शान-ए-भोपाल इत्र का भाव 600 रुपए प्रति तोला

भोपाल के इत्र बाजार के तौर पर पहचाने जाने वाले प्रमुख इलाकों, जैसे इब्राहिम पुरा, जुमेराती गेट, पुराने चौक और इतवारा में व्यापारियों को अंतरराष्ट्रीय हालात का असर अब प्रत्यक्ष रूप से महसूस हो रहा है. बाजार में गर्मियों में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला शान-ए-भोपाल इत्र का भाव वर्तमान में 600 रुपए प्रति तोला है. इस युद्ध का असर केवल स्थानीय व्यापारियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पूरे मध्य भारत में इत्र के निर्यात और व्यापार पर दबाव बढ़ा है.

> **जंग के कारण बाजार में ऑर्डर हुए कम**
>
> बता दें कि भोपाल का इत्र बाजार गुलाब, केवड़ा, ऊद और चंदन जैसे पारंपरिक खुशबू वाले देसी अत्तर के लिए प्रसिद्ध है. यहां की अनेक दुकानें परंपरागत तरीके से पीढ़ियों से चल रही हैं, जिनकी वैश्विक पहचान रही है. युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय व्यापार और कच्चे माल की आपूर्ति पर दबाव बढ़ गया है, जिससे ऑर्डर भी कम हुए हैं.

# निगम ने 19 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा

**भोपाल, 08 मार्च. नगर निगम द्वारा आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी व एंटीरैबीज टीकाकरण की कार्रवाई निरंतर की जा रही है.**

कार्रवाई के इसी क्रम में निगम के डाग स्क्वाड के दलों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 19 आवारा श्वानों को पकड़कर नसबंदी केन्द्रों में भेजा. निगम अमले ने नसबंदी उपरांत 14 श्वानों को वापस उसी स्थान पर छोड़ा. निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के डॉग स्क्वाड के दलों ने रविवार को विभिन्न जोन क्षेत्रों में आवारा श्वानों को पकड़ने की कार्रवाई



करते हुए 17 श्वानों को आदमपुर तथा 02 श्वानों को अरवलिया एबीसी सेंटर भेजने की कार्रवाई की. इस प्रकार निगम के डॉग स्क्वाड ने कुल 19 श्वानों को नसबंदी केन्द्रों में भेजा तथा नसबंदी उपरांत 14 श्वानों को वापस उसी स्थान पर छोड़ा गया.

# पुलिस कमिश्नर ने महिलाओं को किया सम्मानित

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस : थाना परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**समाज में महिलाओं की भागीदारी पर रखी बात**

**महिला की जिम्मेदारी पर भी हुई चर्चा**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 08 मार्च. 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' पर नगरीय पुलिस भोपाल की तरफ से महिला थाना परिसर में विशेष कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया.**

भोपाल पुलिस की तरफ से



महिलाओं के सम्मान में देर शाम को कार्यक्रम संचालित हुआ.

भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने इस मौके पर कार्यक्रम में शामिल हुईं महिलाओं को सम्मानित किया. समाज में महिलाओं की भागीदारी और उनके कर्तव्यों पर पुलिस विभाग के अधिकारियों ने इस मौके पर अपनी बात रखी. एक परिवार को महिलाएं किस तरह से आगे बढ़ाती हैं और एक महिला कैसे अपनी जिम्मेदारियों को निर्वाहन बखूबी निभाती है. इस पर लोगों ने अपनी बात रखी.

# सड़क हादसे में 70 साल के बुजुर्ग की मौत, आरोपी की तलाश जारी

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 08 मार्च. कोहेफिजा इलाके में सड़क हादसे में रविवार दोपहर एक 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई. अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.**

जानकारी के मुताबिक सखाराम कोचले (70) वाजपेयी नगर मल्टी में रहते थे. दोपहर के समय वह अपने घर से निकल कर निजी काम से कोहेफिजा अस्पताल के पास से पैदल गुजर रहे थे. इस दौरान तेज रफ्तार में आ रहे एक वाहन ने सखाराम को चपेट में ले लिया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे की चपेट में आने से सखाराम बुरी तरह से घायल हो गए और उनके शरीर से खून निकलने लगा. मौजूदा लोगों ने तुरंत ही एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी. गंभीर रूप से घायल सखाराम की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है. अज्ञात वाहन चालक की तलाश में पुलिस जुट गई है.

# लाल बस में सफर कर रहे यात्री से लूट

**पर्स में रखे रुपये और कागज गायब**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 08 मार्च. गांधीनगर थाना क्षेत्र में लाल बस में सफर के दौरान एक यात्री के साथ लूट की घटना हो गई. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ शिकायत दर्ज की है. आरोपी की तलाश की जा रही है.**

मिली जानकारी के मुताबिक फरियादी दिनेश मीना ने शिकायत दर्ज कराई है. पीड़ित ने पुलिस को बताया कि शनिवार को देर शाम जब वह इलाके में लाल बस में बैठकर कहीं जा रहे थे. तो उनके पैंट की एक जेब में रखा पर्स चोरी हो गया. पर्स में करीब 9 हजार रुपये नकद, पैन और आधार कार्ड रखा था. पीड़ित ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई. पीड़ित के बयान के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

> **बुजुर्ग महिला के गले से छीना मंगलसूत्र**
>
> **भोपाल.** चूनाभट्टी थाना इलाके में ऑटो में सफर कर रही एक बुजुर्ग महिला के गले से अज्ञात बदमाश ने मंगलसूत्र छीन लिया. पीड़िता ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है. पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है. मिली जानकारी के मुताबिक बुजुर्ग महिला कृष्णा देवी (62) ने अपने साथ हुई लूट की घटना की शिकायत दर्ज कराई. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उनके साथ लूट की घटना हुई थी. खुशीलाल शर्मा अस्पताल के पास जब वह ऑटो में बैठकर जा रही थी. इस दौरान अज्ञात बदमाश ने उनके गले से करीब 38 हजार कीमत का मंगलसूत्र झपट लिया. पीड़िता ने शनिवार को देर शाम थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी है.

### युवक ने की आत्महत्या

**भोपाल.** रातीबड़ थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस को मौके पर सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ. मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. मिली जानकारी के मुताबिक 23 वर्षीय आशुतोष पांडे हरि नगर का रहने वाला था. शनिवार देर रात 11 बजे के करीब वह आशुतोष खाना खाने के बाद अपने कमरे में गया. कुछ देर बाद जब परिजन किसी काम से बुलाने के लिए उसके कमरे में पहुंचे तो उस फांसी के फंदे में लटकता देखा. परिजनों ने तुरंत आशुतोष को फंदे से उतार कर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आशुतोष के कमरे का निरीक्षण किया.


# रेस्टोरेंट में इनकम टैक्स का सर्वे

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 08 मार्च. इनकम टैक्स विभाग की टीम ने रविवार को एमपी नगर में संचालित एक रेस्टोरेंट में छापेमार कार्रवाई की. आरोप है कि टैक्स चोरी के मामले में यह कार्रवाई की गई है.**

मिली जानकारी के मुताबिक एमपी नगर में मिलन स्वीट एवं रेस्टोरेंट में आईटी की इन्वेस्टिगेशन टीम ने सर्वे कार्रवाई की.

सुबह अचानक इनकम टैक्स विभाग की टीम जब रेस्टोरेंट के अंदर पहुंची तो वहां हड़कंप मच गया. आईटी की कार्रवाई को लेकर यह जानकारी सामने आई है कि यह कार्रवाई टैक्स चोरी की आशंका और दस्तावेजों में




गड़बड़ी को लेकर की गई. इनकम टैक्स रिटर्न से जुड़े दस्तावेज खंगाले जा रहे है. कर चोरी के मामले को लेकर आईटी की टीम रेस्टोरेंट संचालक से पूछताछ कर रही है.

> मिलन स्वीट्स के संचालक की तरफ से आईटी को पूर्व में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों में उत्पादों की बिक्री के आंकड़े कम दिखाए गए है. इसमें टैक्स रिटर्न को लेकर कुछ गडबड़ी भी पाई गई है. मामले की सर्वे जांच के बाद आईटी की टीम मौके पर पहुंची और रेस्टोरेंट के आफिसयिल दस्तावेजों को खंगाला. संबंधित अधिकारी रेस्टोरेंट के कंप्यूटर डेटा, बिलिंग रिकॉर्ड सहित वित्तीय दस्तावेजों की बारीकी से जांच करने में जुटे हैं. बताया जा रहा है कि अधिकारियों को प्रस्तुत किए गए दस्तावेज और मौके पर मिले दस्तावेज में अंतर दिखने पर संचालक और स्टाफ के कुछ कर्मचारियों को पूछताछ के लिए अलग से बैठाया गया.

**विरोध** ▶ मप्र में 8 हजार जूनियर डॉक्टर जा सकते है हड़ताल पर

# जूनियर डॉक्टर्स ने मेडिकल कॉलेजों में निकाला 'जस्टिस मार्च'

- ओपीडी में नहीं देंगे सेवाएं, ऑपरेशन भी टलेंगे
- सिर्फ इमरजेंसी में मरीजों को मिलेगा इलाज
- आदेश के बावजूद लागू नहीं हुआ स्टाइपेंड संशोधन

**भोपाल, 08 मार्च. मध्य प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत करीब 8 हजार रेजिडेंट डॉक्टर सोमवार से हड़ताल पर जा सकते हैं.**

बता दें कि डॉक्टरों ने पहले भी हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी थी और



खबर लिखे जाने तक हड़ताल टलने की कोई सूचना नहीं आई थी. लंबित स्टाइपेंड संशोधन लागू नहीं होने के विरोध में जूनियर डॉक्टरों ने रविवार को प्रदेशभर के अलग-अलग मेडिकल कॉलेजों में 'जस्टिस मार्च' निकाला. डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो सोमवार से ओपीडी सेवाएं नहीं देंगे.

> ऑपरेशन थिएटर में भी केवल अति गंभीर मरीजों का ही इलाज किया जाएगा। इससे हर्निया, रॉड इंप्लांट जैसे सामान्य ऑपरेशन के लिए मरीजों को इंतजार करना पड़ सकता है। विरोध के अगले चरण में रविवार को प्रदेश के विभिन्न शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसरों में 'जस्टिस मार्च' रैली निकाली गई। राजधानी भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में दोपहर करीब 12 बजे सभी रेजिडेंट डॉक्टर एडमिन ब्लॉक पर एकत्र हुए। इसके बाद पूरे कैंपस और आसपास के इलाकों में रैली निकालकर नारेबाजी की गई। डॉक्टरों ने कहा कि यह मार्च शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किया गया।

# बस की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत

**भोपाल. रातीबड़ थाना इलाके में बस की चपेट में आने से दो पहिया पर सवार महिला की मौत हो गई. हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है.**

आरोपी चालक की तलाश करते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. भारती मौर्य पति अखिलेश (46) ग्लोबल सिटी कॉलोनी कटारा हिल्स की रहने वाली थी. भारती नीलबड़ स्थित शारदा विद्या मंदिर स्कूल में काउंसलर के तौर पर कार्यरत थीं. भारती ड्यूटी के बाद अपनी दो पहिया वाहन से घर लौट रहीं थी. इस दौरान भदभदा



पुलिस चौकी के पास पहुंची, तभी टर्निंग पर पीछे से एक स्कूल की बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. हादसे में भारती गंभीर रूप से घायल हो गई. कुछ राहगीरों ने उन्हें तुरंत जेपी अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. रातीबड़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दिया है.